# जन्म प्रमाण-पत्र की उपयोगिता एवं इसे पाने की प्रक्रिया

**1. जन्म प्रमाण-पत्र बारे में क्या सही है टिक करें?**

- प्रत्येक शिशु का पहला कानूनी दस्तावेज
- शिशु का उसके माता-पिता सम्बन्ध बताने वाला महत्वपूर्ण प्रमाण
- शिशु के पैदा होने की तारीख, स्थान और लिंग को क़ानूनी मान्यता वाला सुबूत
- जन्म प्रमाण-पत्र प्रत्येक बच्चे का अधिकार है

**2. जन्म प्रमाण-पत्र कहाँ-कहाँ काम आता है, टिक करें?**

- स्कूल में प्रवेश पाने के लिए।
- अपनी पहचान स्थापित व साबित करने के लिए।
- सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए।
- बाल विवाह सहित दुर्व्यवहार और शोषण के मामलों से लड़ने के लिए।
- रोजगार के लिए बतौर आयु प्रमाण पत्र।
- पासपोर्ट आवेदन।
- विरासत और संपत्ति के दावों के लिए।
- निर्वाचक नामावलियों में नामांकन के उद्देश्य से आयु की स्थापना करना
- बीमा प्रयोजनों के लिए आयु स्थापित करने के लिए
- राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR) में पंजीकरण के लिए

**3. जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए सही सूचनादाता का तीर मिलान करें?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **यदि शिशु का जन्म घर में हुआ हो** | 1. | स्थानीय पुलिस प्रभारी या गाँव का प्रधान। |
| 2. | **यदि शिशु का जन्म एक चलते वाहन में हुआ हो** | 2. | उस सराय या धर्मशाला या आवासीय घर का प्रभारी व्यक्ति। |
| 3. | **यदि शिशु का जन्म किसी सराय या धर्मशाला में हुआ हो** | 3. | उक्त वाहन का प्रभारी व्यक्ति। |
| 4. | **यदि शिशु किसी सार्वजनिक स्थान से लावारिस पाया जाता है** | 4. | परिवार का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति, घर का मुखिया या बच्चे का निकटतम रिश्तेदार। |
| 5. | **यदि शिशु का जन्म जेल में हुआ हो** | 5. | प्रसूति ग्रह के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी। |
| 6. | **यदि बच्चे का जन्म किसी नर्सिंग होम या प्रसूति गृह में हुआ हो** | 6. | डिप्टी सुपरिटेंडेंट जो अस्पताल का प्रभारी हो या रेफरल अस्पताल का प्रभारी अधिकारी हो। |
| 7. | **यदि शिशु का एक मेडिकल कॉलेज के अस्पताल/सब-डिवीजन अस्पताल/रेफरल अस्पताल में हुआ हो** | 7. | जेल के प्रभारी व्यक्ति। |

**4. जो सही है उसने आगे टिक करें**

- **जन्म से 21 दिन के भीतर ग्राम पंचायत सचिव को आवेदन कर जन्म प्रमाण-पत्र हासिल कर सकते हैं**
- **21 दिन के बाद और एक साल के पहले बी डी ओ को आवेदन कर जन्म प्रमाण-पत्र हासिल कर सकते हैं**
- **एक साल के बाद उस इलाके का सक्षम मजिस्ट्रेट हीं जन्म प्रमाण-पत्र जारी कर सकते हैं**
- **जन्म या मृत्यु जहाँ घटती है पंजीकरण केवल वहीं करवाया जा सकता है**

LIVEWORKSHEETS